राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर 302004
Website www.uniraj.ac.in, Email.acad.2uor@gmail.com

क्रमांकः शैक्षणिक द्वितीय/2024/21965 दिनांक 21/11/2024

समस्त विभागाध्यक्ष /निदेशक/प्राचार्या/प्राचार्या,
सम्बन्धित विभाग/केन्द्र /संघटक महाविद्यालय,
राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।

विषयः–सत्र 2022–23 के दौरान प्रवेशित/पुनः प्रवेशित विद्यार्थियों द्वारा जमा कराये गये शुल्क एवं विद्यार्थियों की संख्या के सम्बन्ध में।
संदर्भः–कार्यालय प्रधान महालेखाकार दल संख्या 27 ज्ञापन संख्या 52 के संदर्भ में।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के कम में अत्यावश्यक लेख है कि विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश विवरणिका में प्रत्येक वर्ष शुल्क संरचना (Fee Structure) प्रकाशित की जाती है। जिसमें Fee Structure में प्रवेश शुल्क, शिक्षण शुल्क इत्यादि मदों में शुल्क राशि दर्शायी जाती है जिसके आधार पर प्रत्येक शैक्षणिक इकाई द्वारा विद्यार्थियों की केटेगरीवार (यथा– Gen, Female, EWS, OBC, SC, ST व अन्य) तथा पाठ्यक्रमानुसार तैयार Fee Chart के अनुसार सत्र 2022–23 में समस्त विद्यार्थियों से Online/Offline माध्यम से संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों की केटेगरी वाइज फीस चार्ज की गई थी।

यह प्रकरण AG ऑडिट टीम के द्वारा उच्च स्तर पर संज्ञान में लाया गया है, जिसके निर्देशानुसार आपसे सम्बन्धित शैक्षणिक इकाई द्वारा सत्र 2022–23 में प्रवेश हेतु फीस चार्ज किये जाने हेतु तैयार Fee Chart/Structure तथा पाठ्यक्रमों में प्रवेश/पुनःप्रवेश हेतु विद्यार्थी द्वारा जमा फीस का विवरण साथ ही सत्र 2022–23 में विद्यार्थियों की संख्या (कोर्स व कैटेगरी वाइज) का विवरण दिनांक 22.11.2024 को दोपहर 2:00 बजे तक सॉफ्टकॉपी व हार्डकॉपी शैक्षणिक–2 अनुभाग(कमरा सं–201) को प्रेषित करें जिससे ऑडिट टीम को उक्त सूचना से अवगत कराया जा सके।

— Sd —
उप–कुलसचिव
(शैक्षणिक–द्वितीय)
दिनांक 21/11/2024

क्रमांकः शैक्षणिक द्वितीय/2024/21966-68
प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–
1. निदेशक, इन्फोनेट सेन्टर, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
2. वरिष्ठ निजी सहायक माननीय कुलपति/कुलसचिव, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।

21.11.2024
उप–कुलसचिव
(शैक्षणिक–द्वितीय)